कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

अपील संख्याः–45/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री रूघवीर पुत्र आशाराम जाति जाट निवासी वार्ड संख्या 7 न्यौलखी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़।

––अपीलार्थी

बनाम

उपखण्ड अधिकारी, रावतसर।

––प्रत्यर्थी

आदेश दिनांकः–03.10.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत उपखण्ड अधिकारी, रावतसर के संबंध में प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार उपखण्ड अधिकारी, रावतसर द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाये जाने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई हैं।

उपखण्ड अधिकारी, रावतसर से पत्र क्रमांक 279–280 दिनांक 11.9.2019 द्वारा जबाव प्राप्त हुआ है।

पत्रावली का अवलोकन किया। उपखण्ड अधिकारी, रावतसर के पत्र क्रमांक 279–280 दिनांक 11.9.2019 का अवलोकन करने से पाया गया है कि उपखण्ड अधिकारी, रावतसर द्वारा पत्रांक 279 दिनांक 11.9.2019 द्वारा सीधे अपीलार्थी को सूचना भिजवाते हुये जिसकी एक प्रतिलिपी क्रमांक 280 दिनांक 11.09.2019 प्राप्त हुई है। उक्त विवेचनानुसार उपखण्ड अधिकारी, रावतसर द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है। अपीलार्थी की इस अपील में और कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने के कारण अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ